भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं. 09*

जिसका उत्तर बुधवार 16 नवंबर, 2016 को दिया जाना है

**ऑटोमोटिव मिशन प्लान, 2026 के लक्ष्य**

09*. **प्रो. एम. वी. राजीव गौडा:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ऑटोमोटिव मिशन प्लान, 2026 के लक्ष्य क्या-क्या हैं;

(ख) ऑटोमोटिव क्षेत्र को वर्तमान में पेश आ रहीं चुनौतियों के संबंध में मंत्रालय का क्या विश्लेषण है;

(ग) क्या सरकार का लक्ष्य ऑटोमोटिव उद्योग को अनुसंधान और विकास संबंधी निवेश के लिए प्रोत्साहन प्रदान करना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री**

**(श्री अनंत ग. गीते)**

**(क) से (घ):** विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

**विवरण**

**"ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2026 का उद्देश्य" के संबंध में प्रो. एम. वी. राजीव गौडा द्वारा दिनांक 16.11.2016 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं.** 09* **के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

**(क):** ऑटोमोटिव मिशन प्लान, 2026 के उद्देश्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग को इस तरह से प्रवृत्त करना कि वह "मेक इन इंडिया" कार्यक्रम का इंजन बन जाए।

(ii) भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग को "स्किल इंडिया" कार्यक्रम का महत्वपूर्ण सहयोगी बनाना।

(iii) परिवहन के सार्वजनिक और निजी, दोनों विकल्पों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और किफायत का ध्यान रखते हुए देश में प्रत्येक व्यक्ति के लिए सुरक्षित, कुशल और आरामदायक वाहन को बढ़ावा देना।

(iv) भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग के निवल निर्यातों में कई गुना वृद्धि करना।

(v) उद्योग पर असर डालने वाले सभी विनियमों के लिए व्यापक और स्थायी नीति व्यवस्था को बढ़ावा देना।

**(ख):** भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग के सामने आ रही चुनौतियों में, अन्य के साथ-साथ, वृद्धि दर को कायम रखना; भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग के निवल निर्यात को बढ़ाना; सुनियोजित शहरी विकास और पार्किंग अवसंरचना सहित, विशेषकर भीड़-भाड़ और पर्यावरणीय सरोकारों का निराकरण करने के लिए निरीक्षण तथा प्रमाणन व्यवस्था में सुधार लाना; पत्तनों, सड़क परिवहन के बुनियादी ढांचे में सुधार लाना; भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग को लागत प्रभावी बनाए रखना और इसके लिए उपयुक्त कर तथा गैर-कर प्रोत्साहन उपलब्ध कराना शामिल है।

**(ग) और (घ):** सरकार आंतरिक अनुसंधान एवं विकास सुविधा हेतु अनुसंधान एवं विकास संबंधी खर्चों के लिए अधिक कर कटौती के रूप में राजकोषीय प्रोत्साहन उपलब्ध करा रही है।

सरकार राष्ट्रीय ऑटोमोटिव परीक्षण तथा अनुसंधान एवं विकास अवसंरचना परियोजना (नेट्रिप) कार्यान्वित कर रही है। इस परियोजना का उद्देश्य अत्याधुनिक ऑटोमोटिव परीक्षण एवं अवसंरचना स्थापित करना है जो सुरक्षा और उत्सर्जन संबंधी विनियमन अपेक्षाओं को पूरा करे और भारतीय ऑटोमोटिव अनुसंधान विकास क्षमताओं में भी वृद्धि करे।

सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों के तीव्र अंगीकरण और विनिर्माण की (फेम) इंडिया स्कीम भी प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण का निराकरण करती है जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक/हाइब्रिड वाहनों (एक्सईवी) बाजार को आत्मनिर्भर बनाना है।

******